जीजेयू: 18 से ऑनलाइन होंगे एग्जाम, 21 दिन तक कालेज में जमा करा सकेंगे आंसर शीट

रवि घोड़ेला ●बालसमंद

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से संबंधित कॉलेज के विद्यार्थियों की परीक्षा अब 18 मई से ऑनलाइन शुरू होने जा रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय द्वारा यूजी और पीजी के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा 18 मई से शुरू होने जा रही है। इसके लिए विश्वविद्यालय ने डेटशीट वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जाएगी। बीए, बीकॉम और बीएससी विद्यार्थियों की परीक्षा सुबह साढ़े नौ से साढ़े 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। एलएलबी, बीबीए और पीजी की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले दो बार परीक्षाएं स्थगित हो चुकी है। विद्यार्थियों से यूनिवर्सिटी द्वारा नाम, मोबाइल नंबर, जीमेल आदि की जानकारी ली जा रही है। जीमेल पर प्रश्न पत्र भेजा जायेगा और उसी मेल पर आंसर शीट की पीडीएफ भेजनी होगी। उसके बाद आंसर शीट की पीडीऍफ़ 21 दिन के अंदर संबंधित कॉलेज में जमा करवानी अनिवार्य है।

किरयाना की दुकान से नोटबुक पर भी दे सकेंगे एग्जाम

आंसर शीट फॉर्मेट के बारे में विश्वविद्यालय कुलपति ने बताया कि 18 मई से शुरू होने वाले एग्जाम की आंसर शीट फॉर्मेट अगर विद्यार्थी को हमारे फॉर्मेट में मिले तो उस पर दे सकेंगे अन्यथा विद्यार्थी किसी भी फ़ोटोस्टेट और किरयाना की दुकान से ए4 पेपर पर एग्जाम दे सकेंगे।

21 दिन में जमा करा सकेंगे आंसर शीट

कोरोना महामारी में फिलहाल विश्वविद्यालय ने यूजी और पीजी के अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षा लेने का फैसला लिया है। परीक्षा के उपरांत आंसर शीट की पीडीऍफ़ विद्यार्थियों को मेल के माध्यम से विश्वविद्यालय को भेजनी होगी। उसके 21 दिन बाद तक संबंधित कॉलेज में जमा करनी होगी।

> 18 मई से ऑनलाइन परीक्षा ली जाएगी। ऑफलाइन मोड में परीक्षा नहीं होगी। प्रत्येक विद्यार्थी ऑनलाइन मोड़ में परीक्षा दे। विस्तृत जानकारी आज विश्वविद्यालय द्वारा सभी कॉलेज को भेज दी जाएगी।
>
> – **प्रो टंकेश्वर**, कुलपति, जीजेयू हिसार